पत्र सं0-सी0/ई0एच0-11/2016................/जे0

बिहार सरकार

विधि विभाग

प्रेषक,

**सुरेन्द्र प्रसाद शर्मा,**
सरकार के सचिव, बिहार।

सेवा में,

**महाधिवक्ता, बिहार,**
उच्च न्यायालय, पटना

पटना, दिनांक...............

**विषय:-** **श्री अजय कुमार रस्तोगी, अपर महाधिवक्ता संख्या-10 के सहायतार्थ सहायक अधिवक्ता की नियुक्ति के संबंध में।**

-----

महोदय,

उपर्युक्त विषयक **श्री अजय कुमार रस्तोगी, अपर महाधिवक्ता संख्या-10** के **पत्र संख्या-274, दिनांक-21.02.2017** से प्राप्त अनुशंसा के संदर्भ में सूचित करना है कि राज्य सरकार ने विधि विभागीय पत्रांक-5794/जे0, दिनांक-21.09.2016 द्वारा **श्री अजय कुमार रस्तोगी, अपर महाधिवक्ता संख्या**-10 के सहायतार्थ पूर्व से नियुक्त सहायक अधिवक्ता श्री अमीय कुनाल, निबंधन संख्या-1107/2007 को सहायक अधिवक्ता के पद पर की गई नियुक्ति से विमुक्त करते हुये उनके स्थान पर **श्री रोहिताभ दास, निबंधन संख्या-1337/2003** को **दिनांक-21.02.2017** (अनुशंसा पत्र की तिथि) के प्रभाव से अपर महाधिवक्ता संख्या-10 के सहायतार्थ सहायक अधिवक्ता के रूप में नियुक्त करने की कृपा की है।

2. सहायक अधिवक्ता के रूप में इनकी सेवा इनके वरीय अधिवक्ता के सह-विस्तारी (Co-terminus) अथवा अगले आदेश तक जो भी पहले हो तक सीमित रहेगी।

3. सहायक अधिवक्ता को वही शुल्कादि देय होगा जो विधि विभागीय पत्रांक-484/जे0, दिनांक-01.10.2012 द्वारा पूर्व से निर्धारित है।

विश्वासभाजन

(सुरेन्द्र प्रसाद शर्मा)
सरकार के सचिव, बिहार।

**संख्या-**.......1969.......**/जे0,** **पटना, दिनांक**..10-4-17..

प्रतिलिपि:- **श्री अजय कुमार रस्तोगी, अपर महाधिवक्ता संख्या-10,** महाधिवक्ता का कार्यालय, उच्च न्यायालय, पटना **एवं विभागीय आई0टी0 प्रबंधक** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(सुरेन्द्र प्रसाद शर्मा)
सरकार के सचिव, बिहार।

E:\Ajay Kumar\Secteatry\Sarkari Adv..doc